# Sh. L.N. Hindu College, Rohtak

## Student Welfare Department
## Annual Activity Report 2021-22








**Convener:**
Dr. Anju Deshwal
Associate Professor in Hindi
Email- anjudeshwal1974@gmail.com
Phone-9466723448



**Co-Convener:**
Dr. Rajni Kumari
Assistant Professor in Pol. Science
Email- gahlawat.rajnikumari@gmail.com
Phone-9466353106



**Member:**
Mrs. Harshita Chhikara
Assistant Professor in English
Email- harshita.hc18@gmail.com



**Member:**
Dr. Richa
Assistant Professor in Music
Email-pannuricha@gmail.com
Phone-9355614626

## छात्र कल्याण विभाग

छात्र कल्याण विभाग विद्यार्थियों को सीखने की प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर कर छात्रों की शैक्षणिक और व्यक्तिगत क्षमताओं को आगे बढ़ाने का कार्य करता है ताकि वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पेशेवर रूप से योग्य हो सकें। छात्र कल्याण विभाग छात्रों को एक सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्रदान करता है और उन्हें न्यूनतम रुकावट के साथ अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद करता है। यह विभाग परिसर में छात्रों के प्रवास के दौरान सहयोग, टीम वर्क, सामाजिक निर्देश और अंतर सांस्कृतिक समझ के लिए छात्रों की अंतर्निहित शक्तियों को बाहर निकालने के लिए सदैव अग्रसर रहता है। किसी भी महाविद्यालय का उद्देश्य अपने सभी विद्यार्थियों के ज्ञान और कौशल को तराशने के साथ-साथ उन्हें बेहतर सहायता प्रदान कर मार्गदर्शन पता है । छात्र कल्याण विभाग विद्यार्थी जीवन में आने वाली परेशानियों, समस्याओं और चुनौतियों को समाप्त कर छात्रों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए बड़ी संख्या में सेवाएं प्रदान करने पर जोर देता है । और इन्हीं उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए यह विभाग विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन समय-समय पर करता रहता है।

## छात्र कल्याण विभाग का उद्देश्य

1. जीवन के सभी क्षेत्रों में छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास को बढ़ाने के लिए।
2. अवसर प्रदान कर छात्रों की छिपी प्रतिभा को बाहर निकालना है।
3. विश्वविद्यालय राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न गतिविधियों, परिसरों में भाग लेने के लिए छात्रों को प्रेरित करना। छात्रों में आत्मनिर्भरता और उनके सर्वांगीण विकास के लिए आत्मविश्वास को बढ़ावा देना।
4. छात्रों के विकास के लिए विभिन्न योजनाएं प्रदान करना।


# Index


| Sr. No. | Date | Activity | No. of Participants | Page No. |
|---|---|---|---|---|
| **1** | 01-07-2021 | ऑनलाइन गीत प्रतियोगिता | 27 | 5-7 |
| **2** | 12-07-2021 | राज्य स्तरीय गीत प्रतियोगिता | 24 | 8-10 |
| **3** | 15-07-2021 | स्वतंत्रता दिवस  समारोह | 10 | 11-12 |
| **4** | 22-10-21 | अभिनन्दन समारोह | 60 | 13-14 |
| **5** | 22-10-21 | प्रतिभा खोज प्रतियोगिता | 70 | 15-16 |
| **6** | 22-10-21 | पोस्टर मेकिंग एंड स्लोगन लेखन | 45 | 17-19 |
| **7** | 07-01-2022 | अंतर महाविधालय गीत प्रतियोगिता | 30 | 20-22 |
| **8** | 23-05-2022 to 06-05-2022 | 15 दिवसीय हरियाणवी नृत्य एवं गीत कार्यशाला | 50 | 23-28 |

## 1.ऑनलाइन गीत प्रतियोगिता दिनांक-01-07-2021




श्री लाल नाथ महाविद्यालय, रोहतक में छात्र कल्याण विभाग के सौजन्य से कॉलेज प्राचार्य डॉ .रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका श्रीमती उमा शर्मा ने बताया कि इस विस्तार व्याख्यान में जुम् एप पर आयोजित इस विस्तार व्याख्यान में कॉलेज के 27 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा इस ऑनलाइन प्रतियोगिता का विषय 1970- के दशक के सदाबहार गीत रहा । छात्र कल्याण विभाग की सह संयोजिका डॉ अंजू देशवाल ने कहा की संगीत और गीत के माध्यम से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता का विकास कर मन में ऊर्जा व उमंग का संचार किया जा सकता है तथा इसके लिए महाविद्यालय का छात्र कल्याण विभाग सदैव तत्पर रहता है। इस ऑनलाइन गीत प्रतियोगिता की शुरुआत डॉ रजनी कुमारी के द्वारा प्राचार्य, स्टाफ सदस्यों व सभी प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों का स्वागत किया गया । ऑनलाइन प्रतियोगिता की शुरुआत में कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यस्त रखते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है तथा एक खुशनुमा माहौल का निर्माण भी संभव है । सभी प्रतिभागियों ने बहुत खूबसूरती के साथ 1970 के दशक के सदाबहार गीतों जिंदगी का सफर है सुहाना ,ओ मेरे दिल के चैन , एक प्यार का नगमा है आदि पर प्रस्तुति दी । इस ऑनलाइन गीत प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती अनिला कुमारी, श्रीमती वंदना रंगा तथा डॉ ऋचा ने निभाई । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिषेक व भवनेस, द्वितीय स्थान रेणुका , तृतीय स्थान रोहित सोलंकी ने प्राप्त किया तथा सांत्वना पुरस्कार अक्षय शर्मा ने प्राप्त किया।


Rashmi Chhabra
21 others
You


anju
Rashmi
Uma
Political Stud...
Rohit
pasrija
You
36 others




# ऑनलाइन गीत स्पर्धा में अभिषेक-भवनेश प्रथम

माई सिटी रिपोर्टर


**रोहतक।** लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग के सौजन्य से ऑनलाइन गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय - 1970 के दशक के सदाबहार गीत रहा। इसमें कॉलेज के 27 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की। छात्र कल्याण विभाग की संयोजक उमा शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।


छात्र कल्याण विभाग की सह संयोजक डॉ. अंजू देशवाल ने कहा कि संगीत व गीत के माध्यम से विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं रचनात्मकता का विकास कर मन में ऊर्जा व उमंग का संचार किया जा सकता है। इसके लिए महाविद्यालय का छात्र कल्याण विभाग सदैव तत्पर रहता है। प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए रजनी कुमारी ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी विद्यार्थियों में तनाव बढ़ा रही है। कॉलेज प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यस्त रखते हुए उन्हें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखा जा सकता है। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका अनिता कुमारी, वंदना रंगा व डॉ. ऋचा ने निभाई। प्रतियोगिता में अभिषेक व भवनेश प्रथम, रेणुका द्वितीय व रोहित सोलंकी तृतीय रहा। अक्षय शर्मा को सांत्वना पुरस्कार मिला।


## 2. राज्य स्तरीय गीत प्रतियोगिता दिनांक-12-07-2021





श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग के सहयोग से प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन राज्य स्तरीय गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका श्रीमती उमा शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया तथा प्रतियोगिता का विषय 1970 के दशक के सदाबहार गीत रहा । इस ऑनलाइन राज्यस्तरीय गीत प्रतियोगिता का सफल संचालन सह संयोजिका डॉ अंजू देशवाल और डॉ रजनी कुमारी के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ । निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ रविंदर और डॉ रिचा ने निभाई । इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्र रवि रवि ने, द्वितीय स्थान श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज के छात्र साहिल साहिल ने व वैशय कॉलेज की छात्रा मनजोत तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की छात्रा प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को तथा छात्र कल्याण विभाग को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव है ।


Preeti chopr...
music lover
anju
Posla Music
You
Jy( 37 others


SH. L.N. Hindu College, Rohtak
(Affiliated to M.D. University, Rohtak)
A Post Graduate Co-Educational College, Bhiwani Road, Rohtak
Accredited by NAAC with 'B'(2.74) Grade
tudent Welfare Cell
Organises
.evel Live Singing Competition
on
के दशक के सदाबहार गीत
July 12, 2021 at 11:00 a.m.
Competition:
a maximum of two Participants from an Institution.
ıe from 1970's Decade.
ıutes.
submission of Registration Form: 11/07/2021
Form Link: https://forms.gle/yM9EgsMvKV6tSB8D9
oup link: https://chat.whatsapp.com/Hf2etxs43qbJHxqZjtkUkw
cessary information will be sent only on WhatApp group.
ıry will be final.
will be given to winners on their E.mail. within a week.
1st Prize: Rs. 1200
2nd Prize: Rs. 800/
3rd Prize: Rs. 600/-
Dr. Uma Sharma
er: Dr. Anju Deswal
Organising Committee
Dr. Rajni Kumari
Dr. Richa
Principal
Dr. Rashmi Chhabr


Rajni Kumari
137 Sakshi
Uma Sharma
Abhishek Roy
Priti Devi
pasrija parveen
Anjali 127
Preeti chopra 5028 DED SEM 1
Sahil Sk
Mahesh Kumar
Lagan Sharma
TDM God
Bharat Singh
Shreya Arora
manjot kaur
anju deshwal
Ankit Khasha
Kanishka Yadav
Posla Music Platform
Neelam Rathee
Richa Bhatnagar
You
1:17 PM | Online Singing Competition






# गीत प्रतियोगिता में छात्र रवि रहा प्रथम

रोहतक : श्रीलालनाथ हिंदू कालेज के छात्र कल्याण कालेज की ओर से आनलाइन गीत का आयोजन किया गया। विभिन्न विवि से 25 प्रतिभागी शामिल हुए। एमडीयू के संगीत विभाग के छात्र रवि को प्रथम, श्री लालनाथ हिंदू कालेज के छात्र साहिल को द्वितीय, वैश्य कालेज के छात्र मंजोत, कुवि की छात्रा प्रीति ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## 3. स्वतंत्रता दिवस समारोह दिनांक-15-07-2021




श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग के अंतर्गत 75वाँ स्वतंत्रता दिवस प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में बड़े जोश व धूमधाम से मनाया गया | छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका श्रीमती उमा शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय श्री मनीष ग्रोवर जी (पूर्व सहकारिता मंत्री), विशिष्ट अतिथि श्री मनोज कुमार जी (डिप्टी कमिश्नर), श्री राजेंद्र नाथ चावला जी (सीनियर एडवोकेट व समाजसेवी), श्री सुशील सचदेवा जी (उपाध्यक्ष व समाजसेवी) रहे, जिनका हिंदू शिक्षण संस्थान के प्रधान श्री राजेश सहगल जी, गणमान्य पदाधिकारीगण, प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा द्वारा भव्य स्वागत किया गया |कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ रजनी कुमारी के द्वारा किया गया | मुख्य अतिथि श्री मनीष ग्रोवर द्वारा महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज स्थल का उद्घाटन ध्वजारोहण कर राष्ट्रीयगान किया गया | सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, देशभक्ति गीत, भाषण की प्रस्तुतियां सह संयोजिका देशवाल, डॉ रजनी कुमारी तथा डॉ रिचा के दिशा निर्देशन में दी |













## श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में लहराया फहराया

**रोहतक** | श्री लाल नाथ हिंदू कॉलेज में 75वें स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, विशिष्ट अतिथि डीसी मनोज कुमार, राजेंद्र नाथ चावला, सुशील सचदेवा रहे। मनीष ग्रोवर ने ध्वजारोहण किया। हवन करके हिंदू पब्लिक स्कूल का शिलान्यास किया गया।

## 4. अभिनन्दन समारोह दिनांक-22-10-2021




श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग और हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से केशव सभागार में अभिनंदन समारोह का आयोजन छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका श्रीमती उमा शर्मा , सह संयोजिका डॉ अंजू देशवाल , डॉ रजनी कुमारी तथा डॉ रिचा के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया । जिसमे हरियाणा कला परिषद के विभिन्न कलाकारों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन देते हुए अनेक रंगारंग कार्यक्रमों वीरांगना एण्ड दिवाकर ग्रुप (सुल्तान रे सुल्तान, बावन गज का दामन), जाह्नवी बटला (बावन गज का दामन, काला टीका), अरुण (गाना), अनिल कुमार (मिमिक्री), रिया (डांस), मालविका एण्ड ग्रुप (मिक्स बोलीवुड) के माध्यम से अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। सभागार जाह्नवी के "काला टीका"और "बहु कले की" ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। उसके हरियाणवी नृत्य पर खुश होकर प्राचार्या जी ने उसको 2100 रुपये ईनाम दिया। ऐसे रंगारंग कार्यक्रम ने दर्शकों में जोश भर दिया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा ने छात्र कल्याण विभाग एवं हरियाणा कला परिषद को धन्यवाद और बधाई दी।



















## लालनाथ हिंदू कॉलेज में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम

# अभिनंदन समारोह में कलाकारों ने हरियाणवी गीतों पर किया डांस

भास्कर न्यूज | रोहतक

श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय में हरियाणा कला परिषद की ओर से प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अभिनंदन समारोह किया गया। सोनिया बोहत ने मंच संचालन किया। प्राचार्या डॉ. रश्मि ने कहा कि किसी भी संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना होता है।

डॉ. अंजू देसवाल ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान हमने जीवन को करीब से देखा और समझा कि जीवन को आनंद और उत्साह के साथ जीना चाहिए जिसके लिए ये रंगारंग कार्यक्रम रखा है। वीरांगना एण्ड दिवाकर ग्रुप ने सुल्तान रे सुल्तान, बावन गज का दामन, जाह्नवी बटला ने बावन गज का दामन, काला टीका, अरुण ने गाना, अनिल कुमार ने मिमिक्री, रिया ने डांस, मालविका एंड ग्रुप ने मिक्स बॉलीवुड पर सराहनीय परफार्मेंस दी।

जाह्नवी के काला टीका और बहु काले की गीत पर परफार्मेंस ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। उसके हरियाणवी नृत्य पर खुश होकर प्राचार्या ने उसे 2100 रुपये इनाम दिया।

# 5.प्रतिभा खोज प्रतियोगिता दिनांक-22-10-2021




छात्र कल्याण विभाग के अंतर्गत कॉलेज प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा कि अध्यक्षता मे प्रतिभा खोज प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया| छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका श्रीमती उमा शर्मा ने बताया की आयोजित कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिवर्ष विद्यार्थियों में अंतर्निहित शक्तियों, क्षमताओं एवं प्रतिभा को तराशना है प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाषण, कविता, वाद विवाद, गीत ,नृत्य , रंगोली, नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया, जिसमें सभी संकायों के 70 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया| निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीमती अनिला बाटला, डॉ मीनाक्षी गुगनानी , श्री राजेश गहलावत , डॉ रजनी कुमारी एवं श्रीमती ममता सहगल ने पूर्ण निष्ठा के साथ निभाई| हिंदी भाषण में दीक्षिता, हरियाणवी कविता में विजय, वाद विवाद में हर्षित, अंग्रेजी कविता में भावना ,संगीत में अरुण व हिमांशी डांस में, आकाश, संजीव और पायल ने हरियाणवी नाटक और फोटोग्राफी में आशीष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया |मंच संचालन डॉ अंजू देशवाल और सुश्री सोनिया ने किया|




दैनिक भास्कर


रोहतक भास्कर 14-11-2021

# प्रतिभा खोज स्पर्धा में डांस में आकाश, संगीत में अरुण व हिमांशी रही प्रथम



**रोहतक** | श्रीलाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में प्रतिभा खोज प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। केशव सभागार में आयोजित कार्यक्रमों में महाविद्यालय के सभी संकायों से 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिस्पर्धा में लिटरेरी आयटम्स एंड ड्रामेटिक में दीक्षिता, कविता (हिंदी) में भावना, कविता (अंग्रेजी) में दीक्षिता, कविता (हरियाणवी) में विजय, ड्रामा में भारत, डांस में आकाश व पायल, संगीत में अरुण व हिमांशी, फोटोग्राफी में आशीष प्रथम रहे। इस अवसर पर डॉ. वंदना रंगा, डॉ. सुमित कुमारी दहिया, डॉ. उमा शर्मा, डॉ. शिखा फौगाट, डॉ. पूजा चावला, डॉ. संदीप, डॉ. हरदीप, प्रवीन शर्मा, डॉ. शालू जुनेजा, डॉ. दीप्ति शर्मा, डॉ. सत्री कपूर, वीरेंद्र बलोड़ा, रीना कत्याल, मधु विज, प्रीति सेठी, किरण देवी, सोनिया आदि उपस्थित रहे।

## 6.पोस्टर मेकिंग एंड स्लोगन लेखन दिनांक-22-10-2021




श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के "छात्र कल्याण विभाग" द्वारा प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में अर्थ "पृथ्वी दिवस" के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय "धरा की रक्षा" रहा।इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने कहा कि प्रतिवर्ष जलवायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी प्रकृति को बचाने और संरक्षित करने में मद्द करें। सह संयोजिका डॉ रजनी कुमारी ने कहा कि पृथ्वी दिवस का अपने आप में काफी महत्व है जहां मानव जीवन संभव है पृथ्वी बहुत व्यापक शब्द है हर एक जीव जंतु, पेड़ पौधे ,प्राणी इससे जुड़े हुए हैं। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ रजनी कुमारी एवं श्रीमती हर्षिता के दिशा निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित इस प्रतियोगिता में 45 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। सभी ने उत्साहपूर्वक अपना प्रदर्शन किया।इस पोस्टर मेकिंग मे प्रथम स्थान गोवांश, द्वितीय स्थान नंदिनी व कनक -, तृतीय स्थान प्रतिष्ठा व उर्वशी और पोस्टर मे प्रथम स्थानआकांक्षा, दितीय जिज्ञासा व भावना ,तृतीय वदंना ने प्राप्त किया।

सात्वना पुरस्कार केशव ने पाया । निर्णायक मंडल की भूमिका  डॉ रजनी कुमारी, श्रीमती हर्षिता एवं डॉ रिचा ने निभाई। प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी एवं  प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों को प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए  सराहना की।







GPS Map
Rohtak, Haryana, India
Bhiwani Road, New Rajendra Colony, Rohtak, Haryana 124001, In
Lat 28.892908°
Long 76.560915°
22/04/22 11:36 AM


GPS Map Camera
Rohtak, Haryana, India
Bhiwani Road, New Rajendra Colony, Rohtak, Haryana 124001, India
Lat 28.893092°
Long 76.560959°
22/04/22 12:23 PM
Google




श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग के तत्वाधान में मातृ दिवस के उपलक्ष में प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में अंतर महाविद्यालय संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका डॉ अंजू देसवाल ने बताया कि इस अंतर महाविद्यालय संगीत प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ मुकेश वर्मा पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय, श्रीमती अनिला बाटला रही। सभी प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर मंच संचालन डॉ रजनी कुमारी और श्रीमती हर्षिता छिकारा ने किया प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनजोत कोर, द्वितीय स्थान विजेंद्र और तृतीय स्थान अरुण ने प्राप्त किया। अंतर महाविद्यालय संगीत प्रतियोगिता का सफल संचालन संयोजिका डॉ अंजू देशवाल, सह-संयोजिका डॉ रजनी कुमारी, श्रीमती हर्षिता और डॉ रिचा के निर्देशन में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के अंत में प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा, डॉ मुकेश वर्मा तथा छात्र कल्याण विभाग के सदस्यों द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।


Sh. L.N. Hindu College, Rohtak
Affiliated to M.D. University, Rohtak
A Post Graduate Co-Educational College, Bhiwani Road, Rohtak
Accredited by NAAC with 'B' (2.74) Grade
Inter College Singing Competition
on
Mother's Day
Organised by


Sh. L.N. Hindu College, Rohtak
Affiliated to M.D. University, Rohtak
A Post Graduate Co-Educational College, Bhiwani Road, Rohtak
Accredited by NAAC with 'B' (2.74) Grade
Inter College Singing Competition
on
Mother's Day


Accredited by NAAC with 'B' (2.74) Grade
Inter College Singing Competition
on
Mother's Day




# संगीत प्रतियोगिता में मनजौत कौर प्रथम




रोहतक | श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के "छात्र कल्याण विभाग"एवं "संगीत विभाग" के संयुक्त तत्वावधान में "मातृ दिवस"के उपलक्ष्य में प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में अंतर महाविद्यालय संगीत प्रतियोगिता हुई। संचालन हर्षिता की ओर से किया गया। डॉ. मुकेश वर्मा ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनजौत कौर, द्वितीय स्थान विजेन्द्र, तृतीय स्थान अरुण और सांत्वना पुरस्कार किरण ने प्राप्त किया।

## **8.** 15 दिवसीय हरियाणवी नृत्य एवं गीत कार्यशाल दिनांक-**23-05-2022-06-06-22**




श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में छात्र कल्याण विभाग एवं हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा जी की अध्यक्षता में में 15 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र कल्याण विभाग की संयोजिका डॉ अंजू देशवाल ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य हरियाणा संस्कृति के प्रचार-प्रसार हेतु महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को लोकगीत एवं लोक नृत्य का प्रशिक्षण देना रहा। इस 15 दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में श्री जावेद रहे महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 50 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने 15 दिन लोक गीतों और लोक नृत्य की जमकर तैयारी संयोजिका डॉ अंजू देशवाल, सह संयोजिका डॉ रजनी कुमारी, श्रीमती हर्षिता और डॉ रिचा के दिशा निर्देशन में की । साहिल एवं ज्योति ने समूह गीत (हरियाणे की पावन धरती बार-बार प्रणाम तनै ),प्रदुमन्न एवं रेणुका ने रागनी (आजा गौरी बैठ जीप मै ,मेरी जीप रोड़ की रानी), साहिल, प्रद्युमन, ज्योति ने हरियाणवी गीत (चालो उस देश में जहां संगीत हो ,ना हो द्वेष क्लेश उड़ै भाईचारा हो तथा हरियाणवी सोलो (यो पानी आख्यां का बिन बात तो आया ना), पायल, मोनिका आदि का समूह नृत्य (हरियाला बन्ना

मोड़ बांध कै आया), मोनिका ने हरियाणवी सोलो (गुलाबी सूट), वंशिका ने हरियाणवी सोलो (मेरा दामण सिमा दे हो हो ननदी के बीरा), पायल, मोनिका एवं वंशिका टीम ने समूह नृत्य (फिल्म चंद्रावल देखूंगी) की बेहतरीन प्रस्तुतियां प्रस्तुत की । इस 15 दिवसीय कार्यशाला मैं मंच संचालन डॉ रजनी कुमारी और श्रीमती हर्षिता के द्वारा किया गया । कार्यशाला के समापन समारोह में प्राचार्य डॉ रश्मि छाबड़ा और डॉ अंजू देशवाल द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए तथा श्री जावेद प्रशिक्षक को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।









श्री मनोहर लाल
श्री कंवरपाल गुर्जर
कला परिषद मण्डल रोहतक
का आयोजन




श्री मनोहर लाल
श्री कंवरपाल गुर्जर
हरियाणा कला परिषद मण्डल रोहतक


श्री मनोहर लाल
श्री कंवरपाल गुर्जर
हरियाणा कला परिषद मण्डल रोहतक
15 दिवसीय लोक नृत्यों पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

# हरियाणवी संस्कृति से रूबरू कराएगी कार्यशाला

## हिंदू कॉलेज में हुआ उद्‌घाटन, विद्यार्थियों को लोकगीत व लोकनृत्य का प्रशिक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में सोमवार को छात्र कल्याण विभाग व हरियाणा कला परिषद के सहयोग से पंद्रह दिवसीय कार्यशाला का उद्‌घाटन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यशाला का उद्‌देश्य हरियाणवी संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए विद्यार्थियों को लोकगीत व लोकनृत्य का प्रशिक्षण देना है।

प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि संस्कृति पर आधारित ऐसी कार्यशालाओं से विद्यार्थियों के कौशल, बुद्धि व सांस्कृतिक ज्ञान में वृद्धि होती है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की कार्यशालाएं जरूरी हैं।



हिंदू कॉलेज में कार्यशाला के उद्‌घाटन के मौके पर प्राचार्य व अन्य। विज्ञप्ति

कार्यशाला निदेशक जावेद ने कहा की यह कार्यशाला हरियाणवी संस्कृति से नई पीढ़ी को रूबरू करवाने का प्रयास है। छात्र कल्याण विभाग की ओर से डॉ. रजनी कुमारी ने कहा कि हरियाणा के सांस्कृतिक जीवन में प्राचीन भारत की परंपराओं व लोक कथाओं का भंडार है। मंच संचालन डॉ. हर्षिता ने किया। इस मौके पर डॉ. नीलम मग्गू, डॉ. मीनाक्षी गुगनानी, डॉ. शिखा, डॉ. रिचा, डॉ. हर्षिता, डॉ. सुमित कुमारी, डॉ. सुमन, किरण देवी सहित प्राध्यापक व प्रतिभागी मौजूद रहे।

# 25 लोकनृत्य व 15 लोक गीतों के लिए चुने विद्यार्थी



रोहतक | लाल नाथ हिंदू कॉलेज में छात्र कल्याण विभाग एवं हरियाणा कला परिषद ने 15 दिवसीय कार्यशाला के दौरान ऑडिसन लिया। इसमें कॉलेज के विभिन्न संकायों से 40 प्रतिभागियों ने ऑडिसन दिया, जिनमें से 25 लोकनृत्य व 15 लोक गीतों के लिए चुने गए। कार्यशाला का उद्देश्य हरियाणा संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए छात्र-छात्राओं को लोकगीत व लोकनृत्य का प्रशिक्षण देना रहेगा। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. रश्मि छाबड़ा ने की। कार्यशाला के डायरेक्टर जावेद ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति से नई पीढ़ी को रूबरू करवाने का यह उनका एक प्रयास है। इस अवसर पर डॉ. रजनी कुमारी, डॉ. रिचा, डॉ. हर्षिता, डॉ. सुमित कुमारी दहिया, किरण देवी मौजूद रहे।

# लोक गीतों व लोक नृत्य का अभ्यास कराया



रोहतक। श्री लाल नाथ हिंदू महाविद्यालय में जारी 15 दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। प्राचार्य डॉ. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि संस्कृति ही हमारी पहचान है। हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। मंच संचालक डॉ. रजनी कुमारी ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति की अपनी पहचान व महत्व है। । इस कार्यशाला में विभिन्न संकायों के 50 विद्यार्थियों ने भागेदारी की। सभी प्रतिभागियों ने समापन सत्र में समूह गीत, रागनी, हरियाणवी सोलो, समूह नृत्य की प्रस्तुतियां दी। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर डॉ. नीलम मग्गू, डॉ. शिखा, डॉ. अंजू, अनीला बठला, डॉ. मिनाक्षी गुगनानी, डॉ. सुमित कुमारी, डॉ. रिचा, डॉ. सुमन, डॉ. नीलम, डॉ. प्रोमिला यादव, डॉ. रौनक, डॉ. संदीप, हर्षिता, रिया शर्मा, कंचन, नूपुर, सरयू आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

# लाल नाथ हिंदू कॉलेज में 15 दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



*कार्यशाला में अपनी प्रस्तुति देते कलाकार।*

रोहतक, 6 जून (दीपक): लाल नाथ हिंदू कालेज में प्राचार्या डा. रश्मि छाबड़ा की अध्यक्षता में छात्र कल्याण विभाग एवं हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्या डा. रश्मि छाबड़ा ने कहा कि संस्कृति ही हमारी पहचान है, हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। इस तरह की कार्यशालाओं से विद्यार्थियों में सामाजिक एवं नैतिक विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक विकास भी होता है।

केशव सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से 50 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने 15 दिन लोकगीतों एवं लोकनृत्य की जमकर तैयारी की।

साहिल एवं ज्योति समूह गीत, प्रद्युमन एवं रेणुका ने रागनी, हरियाणवीं सोलो, पायल, मोनिका आदि का समूह नृत्य, मोनिका ने हरियाणवीं सोलो, वंशिका ने हरियाणवीं सोलो, पायल ने हरियाणवीं सोलो एवं पायल, मोनिका एवं वंशिका टीम ने समूह नृत्य प्रस्तुत किया।

प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां से माहौल खुशनुमा हो गया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इस अवसर पर डा. रश्मि छाबड़ा, डा. नीलम मग्गू, डा. शिखा फ़ौगाट, डा. अंजू देसवाल, अनिला बटला, डा. मीनाक्षी गुगनानी, डा. सुमित कुमारी दहिया आदि मौजूद रहे।